Girls' High School and College, Prayagraj
Work Sheet No. 5
Session (2020-21)
Class -5 (A-F)
Subject –Hindi Language
Topic- संज्ञा , सर्वनाम ,पर्यायवाची शब्द

निर्देश- कृपया अभिभावक यह सुनिश्चित करें कि छात्राएँ सर्वप्रथम संज्ञा व सर्वनाम पाठ से दिए गए प्रश्न-उत्तर पढ़ें व याद करें । तद्पश्चात पर्यायवाची शब्दों को पढ़कर अभ्यास कार्य करें ।

संज्ञा

पढ़ें और याद करें:-

1.लघु प्रश्न-उत्तर

प्र॰) संज्ञा किसे कहते हैं ?

उ॰)वे शब्द जो किसी व्यक्ति, वस्तु , स्थान या भाव आदि का बोध कराते हैं, उन्हें संज्ञा कहते हैं ।

2. दीर्घ प्रश्न-उत्तर

प्र॰)संज्ञा के कितने भेद होते हैं ? प्रत्येक भेद का नाम लिखिए।

उ॰)संज्ञा के पाँच भेद होते हैं:-

1- व्यक्तिवाचक संज्ञा
2- जातिवाचक संज्ञा
3- भाववाचक संज्ञा
4- द्रव्यवाचक संज्ञा
5- समुदायवाचक संज्ञा

सर्वनाम

1.लघु प्रश्न-उत्तर

प्र॰1)सर्वनाम की परिभाषा लिखिए।

उ॰1)ऐसे शब्द जो संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं , उन्हें सर्वनाम कहते हैं।

प्र॰2)प्रश्नवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं ?

उ॰2)जिस सर्वनाम शब्द से किसी व्यक्ति या वस्तु के विषय में प्रश्न पूछा जाता है , उसे प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते हैं । जैसे-तुम्हारा क्या नाम है ?

प्र॰3)संबंधवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं ?

उ॰3)जो सर्वनाम शब्द दो शब्दों या वाक्यों को जोड़कर उनमें संबंध को बताते हैं , उन्हें संबंधवाचक सर्वनाम कहते हैं । जैसे-जैसा काम वैसा दाम।

2.दीर्घ प्रश्न-उत्तर

प्र॰1) सर्वनाम के कितने भेद होते हैं? प्रत्येक भेद का नाम लिखिए ।

उ॰1) सर्वनाम के छह भेद होते हैं-

1.पुरूषवाचक सर्वनाम

2. निश्चयवाचक सर्वनाम

3.अनिश्चयवाचक सर्वनाम

4. संबंधवाचक सर्वनाम

5. प्रश्नवाचक सर्वनाम

6. निजवाचक सर्वनाम

प्र॰2) पुरूषवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं? इसके कितने भेद होते हैं ?

उ॰2) जिन शब्दों का प्रयोग सुनने वाले,बोलने वाले या किसी अन्य व्यक्ति के लिए किया जाता है, उन्हें - पुरूषवाचक सर्वनाम कहते हैं। जैसे- मैं, तुमने, वह आदि।

पुरूषवाचक सर्वनाम के तीन भेद होते हैं।

1. उत्तम पुरुष
2. मध्यम पुरुष
3. अन्य पुरुष

प्र॰3) निश्चयवाचक और अनिश्चयवाचक सर्वनाम में अंतर स्पष्ट कीजिए।

उ॰3) निश्चयवाचक सर्वनाम में व्यक्ति या वस्तु का निश्चित बोध होता है। जैसे- **यह** मेरा घर है। जबकि अनिश्चयवाचक सर्वनाम में व्यक्ति या वस्तु का निश्चित बोध नहीं होता है।जैसे- दाल में **कुछ** काला है।

पर्यायवाची शब्द

जो शब्द एक-सा अर्थ बताते हैं, वे पर्यायवाची शब्द कहलाते हैं।

1.आग	अनल, दहन, पावक
2.आँख	नेत्र, चक्षु , लोचन
3.आकाश	गगन,नभ, आसमान
4.आनंद	सुख,आमोद, उल्लास
5.अहंकार	दर्प, अभिमान, घमंड
6.अमृत	सोम,अमिय,सुधा
7.अनुपम	निराला, अनूठा
8.अंग	देह, काया,शरीर
9.अँधेरा	तम, तिमिर, अंधकार
10.रजनी	रात,निशा,यामा

अभ्यास-कार्य

1.मिलान करो-

1.आग	निराला
2.आकाश	रात
3. अहंकार	अनल
4.अनुपम	आसमान
5.रजनी	घमंड

2.कोष्ठक में से सही पर्यायवाची चुनकर शब्दों के सामने लिखिए-

(सोम,देह,तम,नेत्र,सुख)

1.आँख -

2.आनंद-

3.अमृत-

4.अंग-

5.अँधेरा-

*****END*****